# एक दर्जन ठेलिया वालों से पालिका टीम ने वसूला जुर्माना

फतेहपुर। गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ बुधवार को नगर पालिका परिषद टीम ने अभियान चलाकर जुर्माना वसूल किया। सफाई निरीक्षक आबिद अली व अतिक्रमण प्रभारी दिलशाद अली के साथ टीम ने राधानगर से जोनिहां चौराहा होते हुए सादीपुर नाका तक अभियान चलाया। इस दौरान चाट, पकौड़ी की ठेलिया लगाने वालों द्वारा डस्टबिन न रखे जाने पर गंदगी सीधे सड़क किनारे फेंकने पर भोला, मनोज कुमार, संतकुमार, अभिमन्यु, मोहन लाल, गोलू, शिवा, विजय कुमार, अनुज, पप्पू, शिवनाथ, कैलाश चन्द्र, लल्लू कनौजिया पर 100-100 रुपये का जुर्माना लगाया। सफाई निरीक्षक ने कहा है कि जो भी ठेलिया वाला डस्टबिन नहीं रखेगा उसके खिलाफ जुमनि की कार्रवाई की जायेगी।